File No.-0(.)/1/2019-DIR SEC OL

संघ प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव / UT. Administration of DNH and DD

राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया / Official Language Department, Fort Area

दमण / Daman

ई-मेल: adol-daman-dd@nic.in

सं. रा.भा. 11(20)/पत्रिका प्रका./ खंड- II/2001-20/२१८ दिनांक : 03/03/2020

दर सूची आमंत्रण सूचना

विषय :- विभागीय हिंदी पत्रिका राजभाषा दमणगंगा के 16 वें अंक के प्रकाशन हेतु संशोधित नई दर-सूची (Quotation) आमंत्रण ....

उपर्युक्त विषय पर यह सूचित किया जाता है कि एतद्द्वारा इस कार्यालय द्वारा विभागीय पत्रिका **राजभाषा दमणगंगा** के **16 वें अंक** को प्रकाशित करने के क्रम में दिनांक 06/02/2020 को जारी दर सूची का अधिक्रमण करते हुए **संशोधित नई दर-सूची** आमंत्रित की जाती है।

पत्रिका के प्रकाशन/मुद्रण संबंधी विवरण एवं शर्तें इस प्रकार हैं :-

1. पत्रिका का आकार 29X20 सेमी होगा।
2. इस पत्रिका में 220 GSM Art Card युक्त आवरण पृष्ठ होगा।
3. आवरण पृष्ठ के दोनों ओर (भीतरी और बाहरी) रंगीन छपाई होगी।
4. माननीय सचिव के संदेश हेतु 01 पृष्ठ 120 GSM का होगा।
5. पत्रिका के कुल पृष्ठों की संख्या लगभग 50-60 होगी।
6. पत्रिका की कुल 500 प्रतियाँ छापने का प्रस्ताव है।
7. दी गई दरें, सभी करों (Taxes) एवं शुल्कों सहित होनी चाहिए तथा आगामी छः माह तक प्रभावी होनी चाहिए।
8. प्रकाशक / मुद्रक द्वारा दिनांक 20/05/2020 तक अथवा उससे पहले अंतिम रूप से मुद्रित पत्रिका की 500 प्रतियाँ देनी होंगी।
9. कृपया कोटेशन के साथ पत्रिका में उपयोग किए जाने वाले कागजों का नमूना संलग्न करें।
10. पत्रिका में प्रकाशित होने वाले लेखों का प्रूफ शोधन एवं विभाग द्वारा अनंतिम अवलोकन के उपरांत ही प्रकाशक द्वारा पत्रिका का अंतिम मुद्रण किया जाए। प्रूफ रीडिंग के बाद त्रुटिपूर्ण प्रकाशन की संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं मुद्रक की होगी, अन्यथा की स्थिति में रकम की कटौती की जा सकती है।

11. इस दर सूची को बिना किसी कारण के स्वीकार करने अथवा अस्वीकार करने का अधिकार सहायक निदेशक (राजभाषा) के पास सुरक्षित है।

इसलिए आपसे अनुरोध है कि उक्त पत्रिका के प्रकाशन हेतु अपनी दर -सूची (Quotation) मुहरबंद लिफाफे में दिनांक 17/03/2020 को अपराह्न 03:30 बजे तक राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण के सहायक निदेशक के कक्ष में रखे हुए 'कोटेशन बॉक्स' में डाल दें अथवा दिनांक 17/03/2020 को अपराह्न 03:30 बजे से पहले **सहायक निदेशक, राजभाषा विभाग, फोर्ट एरिया, मोटी दमण, दमण- 396 220** के पते पर पंजीकृत पावती डाक / कुरियर द्वारा भेज दें। उक्त तारीख के बाद प्राप्त दर-सूचियों पर विचार नहीं किया जाएगा। दिनांक 17/03/2020 को ही अपराह्न 04:00 बजे कोटेशन बॉक्स खोला जाएगा एवं उसी समय एक समिति द्वारा इस पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

Signature valid
Digitally signed by DR. ANIL KAUSHIK
Date: 2020.03.0? 13:03:12 IST
Reason: Approved

(डॉ. अनिल कौशिक)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
दूरभाष :- (0260) 2230467

प्रतिलिपि:-

1. जिला सूचना-विज्ञान अधिकारी, राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, सचिवालय दमण को इसे प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।
2. दमण/वापी/निकटस्थ स्थानों के मुद्रक/प्रकाशन।
3. सूचना-पट्ट।